खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे

खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे,

आता हु दर पे तेरे बिगड़ी मेरी बना दे,

सुख में जो साथ फिरते देते नहीं दिखाई,
सब देखते तमाशा बन कर के तमाशाई ,
अब तो तुम्ही खिवैया कर पार या डूबा दे,
खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे

ऐसे में दिल भी मेरा नहीं साथ दे रहा है,
करता नहीं भरोसा जाने क्या कर रहा है,
वो दिल कहा दे लाउ तेरी याद जो दिला दे,
खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे

अगर तू दयालु है तो फिर देर क्यों लगाई,
अनजान बांके बैठा तेरे दिल में क्या समाई,
कल्याण कारी श्यामा,अब रास्ता दिखादे,
खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे

तेरी एक झलक ही काफी मेरे वास्ते कन्हाई,
हिमत बड़ा दे मेरी अब देर क्यों लगाई,
नहीं श्याम के समाई चक्र को चलादे,
खाटू के श्याम बाबा दर्शन जरा करा दे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4225/title/khatu-ke-shyam-baba-darshan-jara-kara-de-aata-hu-dar-pe-tere-bigadi-meri-bna-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |